खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ के चुनाव में डी.पी.तिवारी अध्यक्ष निर्वाचित



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर अधिवक्ता संघ का निर्वाचन चुनाव अधिकारी योगेन्द्र त्रिपाठी द्वारा सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता डी.पी . तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी माधवेंद्र द्विवेदी को 23 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए । माधवेंद्र द्विवेदी को 33 मत प्राप्त हुए, भागवत द्विवेदी को 23 मत प्राप्त हुए। वहीं रामकेश पाण्डेय को 07 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में मनोज तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी लवकुश गुप्ता को 06 मतों से पराजित कर उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। मनोज तिवारी को 63 मत प्राप्त हुए, वहीं लवकुश गुप्ता को 57 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर राज बहादुर सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। इस तरह अधिवक्ता संघ के निर्वाचन में डी.पी.तिवारी अध्यक्ष, मनोज तिवारी उपाध्यक्ष, राजबहादुर सिंह सचिव एवं अनिल शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को सभी अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

### चौरी विद्यालय में समय से नहीं पहुंचते मुखिया




**उमरिया।** जिले के पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम चौरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समय से प्राचार्य नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे पढऩे वाले बच्चों को एडमिशन लेने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यहां इन दिनों चौरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल में प्रचार्य की संस्था व कार्यालय में आने और जाने का में कोई समय सीमा नहीं है, इसके बाद भी इन प्राचार्य पर कोई कार्यवाही नही होती है, जबकि सरकार शिक्षा के प्रति सजक है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए प्रयास कर रहे है। पाली ब्लॉक के चौरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य स्कूल समय से नहीं पहुंच रही हैं, जबकि स्कूल खुलने का समय 10:30 बजे से है, इसके बाद भी शिक्षक 11:00 बजे से 12:00 तक पहुंचते हैं, ऐसा ही शुक्रवार को चौरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला, वहीं चौरी गांव के जनप्रतिनिधि रघुराज सिंह व ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव की शा.उ.मा.विद्यालय में प्राचार्य का कोई समय नहीं है, जब मन चाहा तो आएं और जब मन चाहा तो नहीं आएं, इतना भी नही यहां आए दिन शिक्षकों के बीच विवाद का माहौल बना रहता है,

## शिक्षक, विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दें: कलेक्टर

# कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया का किया औचक निरीक्षण

शहडोल



कलेक्टर तरुण भटनागर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि हमें प्रतिदिन विद्यालय आना चाहिए। विद्यालय में आकर पूरी लगन एवं मेहनत से अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम किसी चीज को पढऩे के साथ-साथ लिखने का भी प्रयास करें जिससे हम उसे अच्छी तरह से याद करने में सफल हो सकते हैं। उन्होंने छात्रों को समझाइस देते हुए कहा कि जो विषय या पाठ हमें एक बार में याद नहीं होता है तो उसे हमें बार-बार एवं प्रतिदिन पढऩा चाहिए इससे वह पाठ हमें बहुत जल्द याद हो जाएगा। कलेक्टर तरुण भटनागर जिले के सोहागपुर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया के निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद कर रहे थे।

### गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिलाएं

छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान कलेक्टर तरुण भटनागर ने कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं से अंग्रेजी की किताब पढ़वाई। कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राएं अंग्रेजी की किताब अच्छी तरह से नहीं पढ़ पाए, जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा मौके पर उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिए की छात्र-छात्राओं को अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिलाएं। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आप सभी मिलकर विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें।

### संख्या रेखा के सवाल करवाए हल

कलेक्टर श्री भटनागर ने कक्षा सातवीं के छात्राओं को गणित विषय के पाठ संख्या रेखा के बारे में छात्र छात्राओं को पढ़ाया। कलेक्टर ने कक्षा में श्यामपट्ट पर संख्या रेखा का चित्रण कर अच्छी तरह से छात्रों को संख्या रेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने श्यामपट्ट पर प्राकृत संख्या, शून्य, शून्य से छोटी संख्या एवं शून्य से बड़ी संख्या को भी लिखकर छात्रों को बताया तथा छात्र-छात्राओं से भी श्यामपट्ट पर संख्या रेखा पाठ के सवाल हल करवाए।

### प्रेरणादायक कहानियों का करें अध्ययन

कलेक्टर ने कक्षा 11 वीं का भी निरीक्षण किया तथा कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं से भी संवाद किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने छात्रों से मुंशी प्रेमचंद की कहानियों के बारे में पूछा तथा छात्रों से कहा कि हमें कक्षा के पाठ्यक्रम के साथ-साथ अच्छी एवं प्रेरणादायक कहानियों का भी अध्ययन करना चाहिए, साथ ही उन्होंने कक्षा ग्यारहवीं के छात्र अनुराग से इंग्लिश की किताब भी पढ़वाई जिस पर अनुराग ने बिना रुके अच्छी तरह से इंग्लिश की किताब पढ़ी, जिसकी कलेक्टर ने सराहना भी की।

### समय से पहुंचे शिक्षक विद्यालय

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों के उपस्थित पंजी एवं छात्रों के उपस्थित पंजी का भी अवलोकन किया। शिक्षकों के समय पर उपस्थित नहीं होने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा निर्देश दिए हैं कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति में भी कलेक्टर नाराज हुए तथा उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए की आप छात्र एवं उनके अभिभावकों से मिले, अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताएं, उन्हें बताएं कि आज के शिक्षित होना कितना जरूरी है साथ ही उन्हें विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दें।



## तीन सदस्यों ने भारतीय मजदूर संघ की ली सदस्यता

**शहडोल।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया के खैरहा भूमिगत खदान में इंटक के सुरेश प्रसाद, हिंद मजदूर सभा के धीरेंद्र सिंह परिहार एवं अविनाश यादव ने भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण कर ली, इस मौके पर अध्यक्ष प्रसून सिंह, महामंत्री ओमकार द्विवेदी, द्वारका प्रसाद मिश्रा, महेंद्र पाल सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे, जिन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के एरिया पदाधिकारी ने कहा कि हमारी रीति और नीति से प्रभावित होकर तीन लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और सभी का हम एक परिवार के रूप में स्वागत करते हैं, उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ मजदूरों की आवाज को उठना है, मजदूर के हक की लड़ाई को लड़ता है। अपने सिद्धांतों पर वह चलती है और यही कारण है कि सभी का एक विश्वास भारतीय मजदूर संघ पर देखने को मिलता है, निश्चित ही नए सदस्यों के संगठन में आने से संगठन मजबूत होगा और सभी सदस्यों को भारतीय मजदूर संघ अपने परिवार में शामिल होने पर बधाई भी देता है। एरिया पदाधिकारी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी मिलजुल कर काम करेंगे , जो भी बातें संगठन के समक्ष आएगी, उसे पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। मजदूरों की बात सबसे पहली प्राथमिकता में होगी और उनके हक के लिए भारतीय मजदूर संघ हमेशा आगे रहेगा।

## विशेष बैठक में लगेगी परिषद के नये कार्यालय पर मोहर

**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां-अमलाई के पार्षदों के द्वारा परिषद की सीएमओ श्रीमती शिवांगी सिंह और अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता को मांग पत्र सौंपते हुए परिषद के नये भवन निर्माण के स्थल चयन हेतु विशेष बैठक बुलाने का आग्रह किया गया है। शुक्रवार को परिषद के 8 पार्षदों ने इस संदर्भ में पत्र तैयार कर श्रीमती शिवांगी सिंह से भेंट की। वार्ड नंबर 12 की पार्षद श्रीमती प्रभा उरमलिया, वार्ड नंबर 14 से वेदक प्रसाद पटेल, वार्ड नंबर 13 से श्रद्धा तिवारी, वार्ड नंबर 09 से अर्चना यादव, वार्ड नंबर 07 से पवन गलवानी और वार्ड नंबर 08 से श्रीमती किरण मौर्य, वार्ड नंबर 06 से श्रीमती सुंदर बाई विश्वकर्मा और वार्ड नंबर 04 से श्रीमती रंजना सोनी ने पत्र पर हस्ताक्षर किये, वहीं उनके साथ पूर्व उपसरपंच संतोष टंडन, पूर्व पंच संजय मौर्य, शालू विश्वकर्मा, कैलाश लालवानी व राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

**बुध को लग सकती है मोहर**

नगर परिषद की सीएमओ श्रीमती शिवांगी सिंह ने पार्षदों से कहा कि आने वाले बुधवार के दिन स्थानीय पटवारी और राजस्व अधिकारियों से मुलाकात कर स्थल के चयन पर अंतिम मोहर लगाई जायेगी, संभवतः इसी दिन उक्त प्रस्ताव पर परिषद की सहमति के लिए बैठक का आयोजन भी हो सकता है, इस दौरान परिषद की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द आपसी सहमति से भवन के स्थल का चयन कर लिया जायेगा और संभवतः जुलाई माह के पहले सप्ताह में ही नये परिषद भवन का स्थल चयन हो जायेगा। उन्होंने कहा कि परिषद के द्वारा पार्क, इंडोर स्टेडियम, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, सर्व सुविधायुक्त बस स्टैण्ड सहित अन्य निर्माण कार्यो को भी गति देनी है, जिससे नगर परिषद के गठन और सरकार की मंशा फलीभूत हो सके।

# जब कलेक्टर बने तीसरी कक्षा के छात्र के सहपाठी, छात्रों के साथ बैठकर पढ़ी किताब

***जिले की शिक्षा व्यवस्था की नब्ज टटोलने के लिए शहडोल कलेक्टर शुक्रवार को आदिवासी ग्राम टेटकी में स्थित प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ टाटफट्टी पर बैठकर नन्हे बच्चों के साथ पुस्तकों का अवलोकन किया, सही उत्तर बताने पर शाबासी दी, वहीं कमियों को चिन्हित कर उन्हें दुरूस्त करने के आदेश भी दिये।***

शहडोल

कलेक्टर तरुण भटनागर जिले के गोहपारू विकासखंड के प्राथमिक शाला टेटकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा पांचवी की छात्रा रुचि एवं छात्र विपिन से हिंदी की किताब पढ़वाई। छात्र विपिन एवं छात्रा रुचि ने अच्छी तरह से बिना रुके हिंदी की किताब पढ़ कर सुनाई, जिस पर कलेक्टर काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने विपिन एवं रुचि की सराहना करते हुए कहा कि हमें विद्यार्थी जीवन में पूरे लगन एवं मनोयोग से अध्ययन करना चाहिए।



### बच्चों के साथ पढ़ी किताब

कलेक्टर ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए मौके पर उपस्थित शिक्षक जितेंद्र कुमार मिश्रा एवं शिक्षिका उर्मिला सिंह से कहा कि छात्र-छात्राओं को अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिलाना शिक्षक का धर्म होता है। शिक्षक का कार्य पाठ्यक्रम को समाप्त करना ही नहीं बल्कि छात्र छात्राओं को शिक्षा दिलाने के साथ-साथ उन्हें उज्जवल भविष्य की ओर ले जाना होता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर तरुण भटनागर ने प्राथमिक शाला टेटकी मे कक्षा तीसरी, चौथी एवं पांचवी के छात्रों के साथ बैठकर किताब पढ़ी, जिससे छात्र अत्यंत खुश हुए।

### मध्यान्ह भोजन का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने छात्रों से चर्चा करते हुए मध्यान भोजन की जानकारी ली, जिस पर छात्रों ने बताया कि हमें प्रतिदिन खाने में दाल, चावल, सब्जी तथा गुरुवार को दाल, चावल, कढ़ी मिलती है। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में बने आंगनबाड़ी केंद्र टेटकी का भी निरीक्षण किया तथा आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित छात्रों से मैत्री भाव से चर्चा की। कलेक्टर तरुण भटनागर ने प्राथमिक शाला टेटकी एवं आंगनबाड़ी केंद्र टेटकी के लिए बन रहे मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में कमी पाए जाने एवं मीनू के अनुसार भोजन नहीं बनने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा प्राथमिक शाला टेटकी एवं आंगनबाड़ी केंद्र टेटकी के लिए खाद्यान्न उपलब्ध कराने वाले स्व सहायता समूह के कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि मध्यान भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाएं एवं मीनू के अनुसार प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# 6 वर्षों में भी नगर परिषद नहीं बना सकी हॉकर जोन, अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही आवंटित भूमि, सीमांकन भी नहीं हो रहा

शहडोल

फे री लगाकर सामान बेचने वाले गरीब ठेला व्यवसायियों की सुविधा के लिए शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में नगरपरिषद जयसिंहनगर द्वारा हॉकर जोन बनाने के लिए बीते वर्ष प्रयास किए गए थे। उसे कलेक्टर ने जमीन भी आवंटित कराई लेकिन हॉकर जोन आज तक नहीं बन सका। यही नहीं जमीन एलाट होते ही उस पर एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण भी शुरू कर दिया गया। नगरपरिषद ने तहसीलदार से लेकर कलेक्टर तक फरियाद की लेकिन आज तक न तो अतिक्रमण हटा और न ही हॉकर जोन बना। भूमि धीरे धीरे अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है। भूमि एलाट होने के बाद भी ठेला व्यवसायियों के लिए शेड नहीं बनाए जा सके।

### एलाट हुई नगर परिषद को भूमि

कलेक्टर शहडोल ने वर्ष 2018 में गरीब ठेला व्यवसायियों के हित में नगरपरिषद की मांग पर शासकीय भूमि आराजी खसरा नंबर 646/1 का अंश रकबा 0. 430 हेक्टयर आवंटित कर दिया था। नगरपरिषद ने इसी जगह को चयनित किया था। लेकिन इस भूमि पर नगर परिषद न तो उस समय हॉकर जोन बना सकी और न जमीन की सुरक्षा ही




कर सकी। कुछ वर्षों तक जमीन पड़ी रही। तभी कुंज बिहारी गुप्ता नामक व्यक्ति 0.040 हेक्टयर पर अतिक्रमण प्रारंभ कर दिया। जिससे जमीन में विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी।

### लोनिवि को दी थी भूमि

प्रशासन द्वारा इस भूमि को लोनिवि गेंगहट के लिए आवंटित कराया गया था। लेकिन उसकी व्यवस्था बाद में रेस्टहाउस के समीप और भी बड़ी जगह पर हो जाने से यह जगह खाली पड़ी थी। इस पर प्रशासन द्वारा लोनिवि को पत्र लिख कर जमीन संबंधी राय मांगी थी। लेकिन लोनिवि की ओर से न तो कोई जवाब आया और न कोई अधिकारी उपस्थित हुआ इसलिए बाद में इसे नगरपरिषद को एलाट कर दिया गया। कलेक्टर ने तो अपनी ओर से तत्काल कार्रवाई कर दी, लेकिन नगरपरिषद उस जमीन का उपयोग उद्देश्य की पूर्ति के लिए नहीं कर सकी।

### पांच साल बाद खुली नींद

वर्ष 2023 में जब भूमि पर अतिक्रमण और भी बढऩे लगा तब नगरपरिषद की नींद टूटी और वह तहसीलदार के पास सीमांकन कराने और जमीन खाली कराने के लिए दौड़ी। लेकिन तहसीलदार ने भी सीएमओ को भाव नहीं दिया और उसकी फरियाद को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। मसला यह है कि जब आपको भूमि एलाट कर दी गई और लोनिवि ने भी लगभग जमीन बिना हीलाहवाली के छोड़ दिया तब आपने उसकी घेरेबंदी क्यों नहीं कराई और उसमें नगरपरिषद का बोर्ड क्यों नहीं लगवाया। आखिर नगरपरिषद अपनी लापरवाही के चलते जमीन से हाथ धो रही है।

### बेजा कब्जा नहीं हट रहा

जिस जगह पर ठेला व्यवसायियों के लिए शेड व दूकाने बनवाई जानी थी उस जगह पर एक व्यक्ति ने अतिक्रमण कर रखा है। अब न तो नगरपरिषद जमीन का सीमांकन करा पा रही है और न जमीन को खाली करा पा रही है। इस तरह हॉकर जोन का मामला 6 वर्षों से खटाई में पड़ा है। ठेला वाले आज भी बस्तियों में फेरी लगाकर अपनी जीविका चला रहे हैं। यह नगरपरिषद के निकम्मेपन का ही परिचायक है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि नगरपरिषद के कर्मचारी खुद साठगांठ करके जमीन हड़पने अतिक्रमण करा रहे हों।

## विकास के नाम पर सिर्फ़ ठगा गया कोयलांचल: शैलेन्द्र

**शहडोल।** दशकों बीत गए पर कोयलांचल को सिर्फ़ ठगा जाता रहा, ना कोई नया उद्योग, ना कोई नया महाविद्यालय, ना तो चिकित्सा सुविधाओं में कोई इज़ाफा और तो और 13 वर्ष बीत गए बुढ़ार को तहसील का दर्जा मिले हुए पर आज तक ना तो एसडीएम कोर्ट प्रारंभ हो सका, ना ही रजिस्ट्री की सुविधा प्रारंभ हो सकी। सब कुछ होते हुए भी कुछ नहीं की स्थिति, आज भी शिक्षा का स्तर वहीं का वहीं, नए महाविद्यालय खुलने तो दूर, जो एक मात्र शासकीय महाविद्यालय है, उसके भी पूर्व में संचालित कई पाठ्यक्रम अब बंद किए जा चुके हैं। जहां तक बात चिकित्सा सुविधाओं की है तो, कल भी यहाँ के अस्पताल सिर्फ रेफर सेंटर थे, आज भी वही स्थिति बरकरार है।



रोजग़ार की तो बात करना ही बेमानी है, जब पकौड़े तलना ही रोजग़ार हो चुका है तो, फिर शायद कुछ कहने की ज़रूरत नहीं रह जाती है। इस बात के भी कोई मायने नहीं है कि संपूर्ण कोयलांचल क्षेत्र खनिज सम्पदा से भरा हुआ है, कोयला और रेत दोनों प्रचुर मात्रा में है, लेकिन पिछले तीन-चार दशकों से ना तो कोई नया उद्योग स्थापित हो सका, ना ही इस खनिज संपदा की लूट कम हो सकी, कोयला और रेत का अवैध कारोबार ज़रूर दिन दूनी-रात चौगनी गति से बढ़ता चला गया। अवैध खनन और रेत माफियाओं की तो हमेशा से बल्ले बल्ले रही, इसी खनन और रेत माफिया ने राजनीति में भी अपनी जड़े अब हर दल में इतनी गहराई तक जमा ली हैं कि राजनीति भी अब इनकी चौखट की सिर्फ़ ग़ुलाम बन कर रह गई है।

ऐसा भी नहीं है कि विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ, हुआ पर सिर्फ वही निर्माण कार्य हुआ, जिससे मोटी कमाई की जा सके, बुढ़ार की बदहाल मॉडल रोड और नगरपालिका परिषद धनपुरी का एलईडी लाइट घोटाला इसका जीता जागता उदाहरण है। वर्षों बाद जब मीथेन गैस मिली तो, लगा कि अब क्षेत्र में नई रिफ़ाइनरी स्थापित होगी और हज़ारो लोगों को नया रोजग़ार मिल सकेगा, रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट आया और मीथेन पाइप लाइन से कहीं और भेज दी गई और लोगों की उम्मीदें धरी की धरी रह गईं।

ना जाने क्यों किसी तेज तर्रार अधिकारी की इस जिले में पदस्थापना ही नहीं की जाती, पिछले कई दशकों में बिरले ही अधिकारी ऐसे आये जिनके आने से कोयलांचल समेत पूरे जिले को उम्मीद की एक नई किरण दिखाई पड़ी, पर चाहे वो निडर आईएएस अधिकारी लोकेश जांगीड रहे हो या सबके चहेते ईमानदार आईपीएस अधिकारी अवधेश गोस्वामी, इनमें से कोई भी इस जिले में ज़्यादा दिन तक रुक नहीं पाया।

13 वर्ष बीत गए बुढ़ार को तहसील का दर्जा मिले हुए पर आज तक ना तो एसडीएम कोर्ट प्रारंभ हो सका, ना ही रजिस्ट्री की सुविधा प्रारंभ हो सकी, हैरानी की बात तो ये है कि जब जनता ने आवाज़ उठाई तो, एक नहीं बल्कि दो-दो बार एसडीएम कोर्ट का संचालन प्रारंभ हुआ, लेकिन सिर्फ़ एक ही दिन के लिए, फूल और गुलदस्तों के मुरझाने से पहले ही दूसरे ही दिन कोर्ट का संचालन किसी ना किसी कारण से बंद कर दिया गया, पता नहीं वे कौन से लोग हैं, जो नहीं चाहते कि बुढ़ार में एसडीएम कोर्ट प्रारंभ हो । हो सकता है कि ये वही खनन या रेत माफिया हो जिसको डर हो कि उनके अवैध उत्खनन में अड़चन ना आने लगे, इससे भी कहीं ज़्यादा हैरानी की बात तो ये है कि दोनों बार इस पूरे नाटकीय घटनाक्रम पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बिलकुल मौन रहे।

## खबर संक्षेप

### पाली, मानपुर एवं करकेली में आधार कैंप प्रारंभ

**उमरिया।** जिले के करकेली विकासखण्ड, मानपुर विकासखण्ड तथा पाली विकासखण्ड में आधार कैंपो का आयोजन 28 जून से प्रारंभ हो गया है। यह कैंप 29 जून तक जारी रहेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले आधार कैंप के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्त की है । नोडल अधिकारी ग्राम पंचायत में आधार आपरेटरो की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए जन मन योजना से संबंधित समस्त हितग्राहियों के ई केवाईसी , आयुष्मान कार्ड, आहार अनुदान मे आधार की समस्याओं का निराकरण करायेगे ।

### रोजगार मेले में 86 बेरोजगार युवकों को दिया गया जॉब लेटर



**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन प्रधान मंत्री कौशल केन्द्र उमरिया में किया गया। मेले में 130 आवेदको ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से विभिन्न कम्पनियों द्वारा 86 बेरोजगार युवक युवतियों को ऑफर लेटर प्रदान किये गये । जिस कम्पनी में चयन किया गया है उनमे एल आई सी में 7, रिलायंश निपोन 14, प्यूजन माइको फाइनेंस 14, वर्धमान मंडी द्वीप भोपाल 9, बडबे आटो कैम्पस औरंगाबाद 8, एवं यू टेग (ऑन बिजनेस) 34 शामिल हैं।

### धान, कोदो, कुटकी, उडद, रागी बीज वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**उमरिया।** जिला पंचायत परिसर में सभापती कृषि स्थाई समिति एवं जिला पंचायत सदस्य ओमकार सिंह ने धान के दस, कोदो के बीस, कुटकी के पाँच, उडद के दो तथा रागी के बीजो का किसानो सामूहिक रूप से वितरण किया। इस अवसर पर मनोहर सिंह मरावी, सावित्री सिंह, बेला सिंह, मीना सिंह तथा कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा कृषि अभियांत्रिकी, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे । कृषको में बीज पाकर उत्साह देखा गया। लाभान्वित कृषको में लीला बाई, गजानंद सिंह ग्राम भरहुत, धीरज यादव ग्राम बरही, सुभद्रा सिंह ग्राम पौनिया, संतोष कुमार ग्राम कोहका 47, शिवशंकर यादव ग्राम बहेरघटा, सुनीता तिवारी ग्राम कोहका 47, संतोष कुमार ग्राम कछिया टोला शामिल है ।

### बीच बाजार विवाद के बाद हंगामा

**कोतमा।** नगर के मध्य गांधी चौक में शुक्रवार दोपहर 2 बजे के लगभग अचानक दो पक्षों में भारी विवाद होने लगा। बीच बाजार हुए विवाद को लेकर व्यापारी सकते में आ गए। विवाद होने से रोड जाम सहित भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद थाना प्रभारी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे तब जाकर किसी प्रकार मामला शांत हुआ। बताया जाता है कि बाजार में स्थित एक कपड़े दुकान में कार्यरत मिस्त्री द्वारा सुबह पूर्व इटली वाले के यहां इटली खाकर आया था और पैसा नहीं दिया गया था जिस पर व्यापारी द्वारा दुकान में घुसकर इटली की पैसे की मांग करते हुए जमकर विवाद किया गया। धीरे धीरे विवाद जमकर बढ़ गया। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को थाने लाई गई जिसके बाद आपस में समझौता किया गया।

### जमीनी विवाद का मामला दर्ज

**कोतमा।** बरसात के प्रारंभ होते ही खेती किसानी शुरू होने पर जमीनी विवाद की घटनाएं बढ़ जाती है। जमीनी विवाद के नया मामला वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में सामने आया जहां महिला आशा बसोर 30 वर्ष पति मनोज बासोर जो अपने परिवार की संयुक्त जमीन पर निर्माण करने के दौरान मोहन बसोर, सुनीता एवं उसके पुत्र द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया।

### एसडीएम पर संदेह की सुई, ढाई माह में भी दर्ज नही प्रकरण

# मुआवजे के नाम पर करोड़ों की बटी रेवड़ी, धांधली की जांच होना जरूरी

उमरिया

जिले से होकर गुजरने वाली नेशनल हाइवे 43 भूमिस्वामियों का चारागाह बन गई है। सडक़ के आसपास फंसी जंमीनों का करोड़ों में मुआवजा उठाया गया और अधिक से अधिक रकम अर्जित करने जमकर फर्जीवाड़ा किया गया। हालत यह है कि सडक़ को बने 7 साल बीत गए हैं पर मुआवजा वितरण आज भी चल रहा है और आए दिन धांधली का एक नया अध्याय खुल रहा है। मुआवजा वितरण चूंकि एसडीएम के आदेश से होता है इसलिए एसडीएम बांधवगढ़ भी सुर्खियों में है। दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि सारा खेल एसडीएम के डिजिटल सिग्रेचर से चल रहा है, जिसका दुरुपयोग कार्यालय का बड़ा बाबू कर रहा है। वस्तुस्थित चाहे जो हो लेकिन इतना तो निश्चित है कि मुआवजे में ब्यापक रूप से फर्जीवाड़ा किया गया है। वर्तमान में लगभग 4 करोड़ 9 लाख रुपए का मुआवजा सुर्खियों में छाया हुआ है।

### कौन सी जमीन, कितना मुआवजा

उमरिया मुख्यालय के खसरा नंबर 727 /2/2 ,727/3 राजस्व क्षेत्र भगड़ा के खसरा नंबर 10/3 ,18/3,8/3 आदि की भूमियो पर मुआवजा बांटा गया। जिसमें राष्ट्रीय शासकीय कोषालय से 4 करोड़ 9 लाख 55 हजार 311 रुपए की लम्बी रकम धोखाधड़ी कर आहरित की गई। इस रकम में से रोमेश गुप्ता को 2 करोड़ 92 लाख, पुनः रोमेश गुप्ता को 97 लाख, साधना सिह को 2 लाख 22 हजार 117, हरभजन सिंह 6 लाख 66 हजार 350 रुपए, वर्षा सिंह को 3 लाख 33 हजार, ऋतुसिंह 3 लाख 33 हजार,




सुजीतसिह 3 लाख 88 हजार रुपए, कुल 4 करोड़ 95 लाख 5 हजार 311 रुपए वितरित कर दिए गए। बताया गया कि राजस्व कर्मचारियों से सांठगांठ कर कई तरह के फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर राशि अर्जित की गई।

### आपराधिक प्रकरण दर्ज करो

एसडीएम बांधवगढ़ रीता डेहरिया ने पूरे प्रकरण से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उन्हे इस मामले की जानकारी नहीं है। इस प्रकरण में उनके हस्ताक्षर धोखाधड़ी से किये गए हैं। उन्होने थाना प्रभारी कोतवाली को दिनांक 13 अप्रैल 24 को पत्र लिखकर एफआईआर दर्ज करने को कहा है। एसडीएम की इस स्पष्टोक्ति से मामला सनसनीखेज बन गया और सुर्खियों में आ गया है। पूरा प्रशासन हाई एलर्ट है, चूंकि अभी एसडीएम अवकाश पर हैं इसलिए मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इस लम्बे घोटाले के सामने आने के बाद प्रशासनिक कार्यालयों में चल रहे बाबूराज का भी पर्दाफाश हो गया है। दरअसल बड़े घोटालों को वही अंजाम देते हैं जो वर्षों तक एक ही सीट पर बैठकर अपनी जड़ें फोड़ देते हैं।

### यह कैसे संभव हो सकता है

प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा सुर्खरू है कि मुआवजे के कागजात एसडीएम के अवलोकन में नहीं आए हों और एसडीएम की जानकारी बिना केवल बाबू ने सारा खेल कर दिया हो। एसडीएम की ओर कागज बढ़ाए बिना सारा खेल अपने स्तर से कर उनके डिजिटल सिग्रेचर का उपयोग कर लिया। करोड़ों रुपए का यह घोटाला केवल बड़े बाबू के बूते की बात नहीं है। अफसर की सहमति बिना कोई छोटा कर्मचारी इतना बड़ा रिस्क नहीं ले सकता। अगर पुलिस ने कड़ाई से जांच पड़ताल किया और बाबू लपेटे में आ गया तो उसका हश्र क्या होगा यह सर्वविदित है। उसे निश्चित ही जेल जाना पड़ेगा और उसकी नौकरी छूटेगी।

### मामले की जांच कर रही पुलिस

एसडीएम ने 13 अप्रैल को ही एफआईआर दर्ज कराने को कहा था, तब से अब तक लगभग ढाई माह बीत गए लेकिन आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। बताया जाता है कि थाना प्रभारी ने मामले को जांच में ले लिया है। उनकी जांच अभी पूरी नहीं हुई है। जांच पड़ताल में भी हीला हवाली की पूरी संभावना है। लेकिन अगर पुलिस ने पूरी मुश्तैदी और ईमानदारी से जांच पड़ताल की तो बड़े बाबू सहित कई काश्तकार और भूमि स्वामियों पर गाज गिरेगी और धांधली करना मंहगा पड़ जाएगा। माना जाता है कि नेशनल हाइवे का निर्माण सडक़ किनारे स्थित भू स्वामियों का चारागाह बन गया। हर दिन दो चार नए असामी मुआवजे के लिए खड़े हो जाते हैं।

## पत्नी को पागल घोषित करने में झोंकी पूरी ताकत कामयाब नहीं हुआ, तो ऐसे बर्बाद की जिंदगी

**उमरिया।** सीमा पर रक्षा करने वाले भारतीय सेना के जवान की करतूत को पत्नी ने उजागर कर दिया। पति ने महिला को पागल घोषित करने में पूरी ताकत झोंक दी, फिर भी कामयाब नहीं हुआ तो फोन पर ही तीन तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। महिला ने बताया कि पति ने करीब एक साल पहले घर से निकाल दिया था तो मायके चंदिया आई रह रही हूं। पीड़िता के ससुर सास और ननद ने पति से फोन पर उसे पागल घोषित करने की योजना बनाई। इस योजना के तहत उसे घुमाने के बहाने 22 अगस्त 2023 को भोपाल ले जाया गया और वहां एम्स अस्पताल में एक डॉक्टर को दिखाकर मानसिक हालत खराब होने का सर्टिफिकेट बनवाने का प्रयास किया गया।

डॉक्टर ने जांच करने के बाद साफ तौर पर कह दिया कि ऐसा कोई सर्टिफिकेट नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद उसे 26 अगस्त तक वहीं रखा और दूसरी बार भी सर्टिफिकेट बनवाने का प्रयास किया। यहां बात नहीं बनी तो जयपुर राजस्थान ले गया लेकिन वहां भी किसी डॉक्टर ने फर्जी सर्टिफिकेट नहीं बनाया। 12 सितंबर को फिर दूसरी बार उसे भोपाल ले जाया गया और 14 सितंबर तक एक बार फिर कोशिश की गई कि उसका मानसिक संतुलन खराब होने का सर्टिफिकेट बनाया जाए लेकिन इस बार भी उन्हें सफलता नहीं मिली। विवाहिता ने पति यासीन सिद्दीकी समेत ससुराल के अन्य लोगों की थाने में शिकायत कर दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज करवाया है।

पीड़िता बोली- ससुराल अनूपपुर में ऑटो स्टैंड के सामने भालू माला में है। पीड़िता का कहना है कि निकाह चंदिया में 26 फरवरी 2023 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। पिता ने दहेज भी दिया था।इसके बावजूद दहेज की मांग को लेकर तरह-तरह की प्रताडऩा देते रहे। पति की सहमति से ससुर, सास और ननद ने प्रताड़ित किया। ससुराल में कई बार मारपीट की गई। धक्का-मुक्की कर गाली गलौज की गई। मोबाइल भी सास ने रख लिया था। यदि मायके से फोन आता था तो मेरे ऊपर यह पाबंदी थी कि जब भी वह अपने मायके बात करे तो उनके सामने और मोबाइल का स्पीकर ऑन करके करे।



## अपर कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर का किया औचक निरीक्षण

**उमरिया।** अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने शुक्रवार को प्रातः 10 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में लगने वाले विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग गजेन्द्र द्विवेदी, स्टेनो कलेक्टर सुभाष सेन, नाजिर आशीष उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने आवक जावक शाखा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनसंपर्क विभाग, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, जिला आबकारी विभाग, लोक सेवा गारंटी, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि समस्त अधिकारी, कर्मचारी शासन के निर्देशानुसार प्रातः 10 बजे कार्यालय में उपस्थित होवे तथा सायं 6 बजे के बाद ही कार्यालय छोड़े । कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय में उपस्थित रहे , ताकि आपके विभाग तक आने वाले लोगों को यहां वहां भटकना नही पड़े। आपने कहा कि कार्यालय में साफ सफाई का वातावरण निर्मित रखे । कार्यालयों के रिकार्ड व्य वस्थित रखें, ताकि आवश्याकता पडने पर त्वारित मिल सके ।

## जल संरक्षण व संवर्धन के लिये स्त्रोंतों का किया चयन

**उमरिया।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में बीते पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस के मौके से जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई है, जिसके तहत जिले में भूजल स्तर सुधारने जल स्त्रोतों के सरंक्षण और संवर्धन के काम तेजी से कराए गए,जिला प्रशासन, जन प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं, नागरिकों और मीडिया कर्मियों के सहयोग से जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक अभियान के तहत, सूखे तालाबों, कुओं, बावडिय़ों, नदी नालों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों को चिन्हांकित कर श्रमदान के माध्यम से उन्हें दोबारा जल से लबालब करने का काम किया गया है, जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 190 पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार, 7 घाटों में सुधार कार्य,34 कुओं का जीर्णोद्धार,10 बावड़ी की साफ-सफाई,12 स्टापडेम में सुधार कार्य कराए गए हैं, इस प्रकार कुल 254 जल सरंचनाओ का कायाकल्प कर आगामी समय में वर्षा के जल से लबालब करने का काम का लक्ष्य लिया गया था, जिसमे 26 जून तक 80 फीसदी काम पूरा कर लिया गया अभियान की अवधि 16 जून से बढ़ाकर 30 जून किए जाने के बाद नई जलसरांचनाओं को चिन्हांकित कर उनका भी जीर्णोद्धार कराया जायेगा, इसी प्रकार ग्राम पंचायतों के प्रगतिरत 2404 कार्य जिसमे कंटूर टंच,कपिलधारा के कुआं निर्माण शामिल हैं में से 1409 कार्य पूर्व कर लिए गए हैं,तालाब गहरीकरण के कार्य में 66520 घन मीटर तालाबों के बीच जमा गाद एवं मिट्टी निकली गई है,जिसका बाजारू मूल्य 98 लाख रुपए आंका गया है। इसी प्रकार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के पांच नगरीय में 24 तालाबों,21 कुओं,01 बावड़ी,का जीर्णोद्धार कराया गया है,जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अमित तिवारी ने बताया है सभी जलस्त्रोतों के पुनर्निर्माण जीर्णोद्धार में 340 लाख रुपए की राशि का डीपीआर तैयार किया गया है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 25 जून तक किया गया । जिले के 39 खरीदी केंद्रों में 15 मार्च से शुरू हुए अभियान के तहत 25 जून तक 5194 किसानों के माध्यम से कुल 167397 क्विंटल गेंहू का उपार्जन किया गया है,जिसमे से 95 फीसदी गेंहू 167386 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है और उपार्जित गेंहू में से किसानों को दिए जाने वाले कुल भुगतान 40 करोड़ रुपए में से विभाग के द्वारा 39 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्य जीवों एवं वनों की मॉनिटरिंग के लिए गुजरात के अहमदाबाद की अमीकीर्ति फाउन्डेशन द्वारा एक नया बोलेरो कैंपर वाहन दान में दिया गया है,पार्क के संयुक्त संचालक के मुताबिक बांधवगढ़ में वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिहाज से समाज सेवियों द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है,इसके अलावा पार्क प्रबंधन के द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के टिकट काउंटर में पहली बार वाटर वाटर एटीएम की स्थापना की गई है जिसमे टाइगर रिजर्व प्रबंधन के गाइड,श्रमिक,स्थाई कर्मी के अलावा देश विदेश से आए हुए पर्यटकों के लिए पांच रुपए की दर पर पर बॉटल पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि जिले में आगामी वर्षा ऋतु के लिए चार लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य किया गया है। उन्हो ने बताया कि निर्माणरत कार्यों के अलावा जल गंगा अभियान के तहत चिन्हित स्त्रोतों एवं निर्माण कार्यों में वृक्षारोपण किया जाकर जिले को हरियाली से युक्त किया जाएगा।

उमरिया जिले के आवारा पशुओं की देख रेख को लेकर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने विशेष अभियान चलाया है और आगामी बारिश के उपरांत सडक़ो में पाए जाने मवेशियों को तत्काल गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया है की जिले में 17 गौशालाओ के निर्माण की अनुमति थी जिसमे से 12 पूर्ण हो चुकी हैं,और सार गौशालाओं में पशुधन रखकर योजना अंतर्गत क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि जिले में देश के प्रधान मंत्री की महत्वाकांक्षी योजना पीएम जन मन योजना के तहत 11480 आवासों का लक्ष्य लिया गया था जिसमे से अभी तक 1500 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। जिले में पल्स पोलियों अभियान के तहत जिले में 01 से लेकर 05 वर्ष तक के शिशुओ को पोलियों की दवा पिलाने का अभियान 23 जून से शुरू किया गया और 25 जून तक जिले के सभी अपेक्षित 110600 शिशुओं को पोलियो की ड्रॉप पिलाई गई है। विदित हो कि पल्स अभियान का शुभारंभ 23 जून को किया गया था, इस अवसर पर बूथ स्तिर पर दवा पिलाई गई थी तथा 24 एवं 25 जून को घर घर जाकर छूटे हुए बच्चोंक को दवा पिलाने का कार्य किया गया । उमरिया जिले में जून महीने में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 903 विद्यालयों में यह आयोजन किया जाकर 6000 नव प्रवेशित कक्षा पहली के छात्रों को प्रवेश दिलाया गया और नव प्रवेशित के साथ शाला त्यागी छात्रों के घर जाकर अध्यापकों ने उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया है।

## 2 माह पश्चात आवेदक के खाते में वापस आई ठगी गई राशि

**उमरिया।** आवेदक सुनील कुमार सोनी निवासी पुराना पड़ाव उमरिया द्वारा 20 अप्रैल को सायबर सेल उमरिया में इस आशय की शिकायत दर्ज कराई गई कि उनकी किरायेदार सीमा सिंह के पास किसी अज्ञात व्यक्ति (जालसाज) ने काल कर बोला कि आपके भाई नें मुझसे आपको पैसे सेंड करने का कहा है जिस पर भरोसा करते हुये आवेदक की किरायेदार सीमा सिंह नें अपना फोन पे नंबर दिया पर जालसाज द्वारा यह कर कहकर कि कोई तकनीकी समस्या के कारण आपके खाते/फोन-पे पर नंबर पर पैसे सेंड नही हो रहे है कोई और खाता नंबर / फोन-पे नंबर प्रदान करने जिस पर पैसे भेज सके। तब जालसाज की बातो में आकर आवेदक की किरायेदार आवेदक सुनील कुमार सोनी के पास गई और बोली कि मेरा भाई मेरे को किसी के माध्यम से पैसे भेज रहा है परंतु तकनीकी समस्या के कारण मेरे खाते में पैसे नही आ पा रहे है इसलिये आप अपने खाते में डलवा लीजिये फिर मुझे दे दीजियेगा । आवेदक सुनील कुमार सोनी ने अपनी किरायेदार सीमा सिंह की बातो पर भरोसा कर उनके बताये अनुसार नंबर पर बात की जिस पर जालसाज द्वारा अपनी बातो में फसाकर आवेदक के साथ कुल 69,000 रूपये की धोखाधड़ी कर ली गई । आवेदक द्वारा घटना के संबंध में को सायबर सेल उमरिया में शिकायत दर्ज कराई गई जिस पर सायबर सेल उमरिया ने पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू द्वारा सायबर अपराधो के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पूर्व से जारी निर्देश के पालन में कार्यवाही की गई । सायबर सेल की तत्परता से तत्समय आवेदक के खाते से धोखाधड़ी कर हड़पी गई राशि 69000 रूपये मे से 59000 रूपये होल्ड कराई गई । मामले में मुख्य चुनौती आरोपी जालसाज के खाते में होल्ड कराई गई राशि को आवेदक के खाते में बापिस कराना था । जिसके लिये सायबर सेल उमरिया द्वारा उक्त संबंध में अथक प्रयास कर जानकारी एकत्रित की गई और आवेदक के माध्यम से माननीय न्यायालय में रूपये सुपुर्दगी हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया । जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा सायबर सेल से प्रकरण के संबंध में जानकारी चाही गई । सायबर सेल उमरिया द्वारा अपने प्रतिवेदन के माध्यम से माननीय न्यायालय के समक्ष वस्तुस्थिति को स्पष्ट किया गया जिससे माननीय न्यायालय के प्रकाश में आया कि सायबर सेल उमरिया द्वारा आरोपी जालसाल के खाते में होल्ड कराई गई राशि पर आवेदक का स्वामित्व है एवं माननीय न्यायालय द्वारा संबंधित बैंक को संपूर्ण राशि 59000 रूपये आवेदक को सुपुर्द करने का आदेश दिया गया ।

### महिला लापता, पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी की शिकायत

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत चंगेरी गांव से 31 वर्षीय महिला के अपने घर से अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के पति अमोल सिंह द्वारा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। जानकारी अनुसार पति-पत्नी के बीच में किसी बात को लेकर अनबन होने पर महिला बिना बताए घर से कहीं चली गई। पति द्वारा पास पड़ोस एवं रिश्तेदार के यहां पता तलाश किए जाने के बाद भी न मिलने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस महिला की तलाश कर रही है।

## बिजली चोरों के खिलाफ ग्रामीणों ने की नामजद शिकायत, कार्यवाही की मांग

**राजेन्द्रग्राम।** जिले के राजेन्द्रग्राम बिजली विभाग के अंतर्गत ग्राम बहपुर के ग्रामवासी ने बिजली चोरी के संबंध ने एक लिखित शिकायत की है जिसमे लेख किया गया है कि पंचायत बहपुर में बिजली का बिल 50 प्रतिशत लोग ही जमा करते है। यहाँ पर निवासरत कुछ लोगों के द्वारा बिजली को चोरी कर शासन-प्रशासन को आर्थिक क्षति पहुंचाते है जिसकी भरपाई ग्रामीणो के द्वारा किया जाता है। गांव के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के द्वारा धान कटाई (चक्की) करने वाली मशीन चलाया जाता है और बिजली अतिरिक्त खर्च किया जाता है इनको विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का अलग से बिल नहीं दिया जाता न ही घरेलू कनेक्शन का बिल जमा किया जाता है जिससे बिजली विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। बिजली चोरी कर मशीन चलाने वालो में शिद्धगुनी पिता स्व. जिवालाल महरा, लाला प्रसाद पिता बद्री प्रसाद महरा, रेवा पिता खज्जू महरा, रूद्राज पिता जयराम महरा, छात्रपाल पिता रामटहल महरा, मुन्नी बाई पिता स्व. राजकुमार महरा, अगस्तमुनी पिता रघुनाथ महरा, मिठडू पिता बेसाहन महरा सभी निवासी



बहपुर के द्वारा बिजली विभाग से किसी भी प्रकार का कोई भी परमिशन लाईट जलाने का नहीं लिया गया है न ही किसी प्रकार का आवेदन विभाग में दिया है इसके बावजूद भी बिजली चोरी कर खुलेआम बिजलीं चोरी किया जाता है। उक्त संम्बधित व्यक्तियों के घर में विभाग द्वारा अगर जांच किया जाए तो निश्चित तौर पर चोरी करते पकड़े जाएंगे। विद्युत विभाग के द्वारा अवैध बिजलीं कनेक्शन के खिलाफ अभियान चलाकर उक्त व्यक्तियों जो बिजली की चोरी की जा रही हैं बिजली विभाग अधिनियम के तहत कार्यवाही करके मामला दर्ज कराया जाए। गांव में जो ट्रांसफार्मर लगा उसके बिजली चोरी से ज्यादा लोड बढ़ जाने के कारण कई बार ट्रांसफार्मर जल गया है जिससे कई दिनों तक ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत पर बिजली चोरो के खिलाफ अगर विद्युत विभाग कार्यवाही नही करेगी तो उच्च अधिकारियों के पास शिकायत करने के लिए मजबूर होना पडेगा।

## *होटल रेस्टोरेंट में धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस का उपयोग नियमों का नहीं हो रहा पालन*

**बिजुरी।** खाद्य विभाग की उदासीनता के चलते नगर के होटलों और रेस्टोरेंट में बड़ी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है। वही घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग होटल संचालक खुलेआम कर रहे हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बता दे कि नगर के दर्जनों दुकानों पर घरेलू गैस का उपयोग कई सालों से किया जा रहा है।

### होटलों की नहीं होती जांच

होटलों में सफाई की बात हो या फिर खाद्य सामग्री की जांच, सभी मामलों में विभागीय अमला पीछे है। इसकी वजह से होटल संचालकों द्वारा धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जाता है। इन्हें जरा भी नियमों की परवाह नहीं है और न ही प्रशासन का खौफ। विभागीय अमले की उदासीनता के कारण ही होटल व रेस्टोरेंट मालिक व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना ही भूल गए हैं।

### उपभोक्ता को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

होटलों में घरेलू गैस का उपयोग होने से जहां होटल मालिक मजे में हैं, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता परेशान हैं। होटलों में घरेलू गैस का उपयोग होने के कारण गैस की कालाबाजारी



करने वाले भी सक्रिय हैं। होटलों में गैस का उपयोग ज्यादा होने के कारण आम उपभोक्ताओं को कभी कभी गैस की टंकी समय पर नहीं मिल पाती है। गैस टंकियों को लेने के लिए उन्हें बार-बार भटकना पड़ता है। एजेंसी पर जाने पर कभी उन्हें लोड नहीं आने एवं स्टॉक नहीं होने का हवाला देकर घुमाया जाता है। वहीं होटल संचालकों को आसानी से ब्लैक में टंकियां मिल जाती है। नगर में ऐसे कई गैस टंकी की कालाबाजारी करने वाले लोग हैं जो घरेलू गैस टंकी को ब्लैक में बेच रहे है। घरेलू गैस टंकी का उपयोग होटलों में होने के कारण गैस टंकियों की मांग बढ रही है। जिस कारण आम उपभोक्ताओं को टंकियां समय पर नहीं मिल पा रही है।

### हो रही कागजी खानापूर्ति

लंबे समय से नगर में घरेलू गैस टंकियों का उपयोग होटलों एवं रेस्टोरेंटों में हो रहा है। किंतु फिर भी जिम्मेदार विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करना कई शंकाओं को जन्म देता है। ऐसा नहीं की विभाग के आला अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है, उन्हें भी यह पता है पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। साल में मात्र एक-दो बार छोटी-मोटी कार्रवाई करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर खानापूर्ति कर लेते हैं। अगर बिजुरी के होटलों व रेस्टोरेंट एवं ढाबों में जांच किया जाए तो बड़ी मात्रा में घरेलू गैस जप्त हो सकती हैं।

### आप रहे सावधान

अगर आप घरेलू गैस का उपयोग करते हैं तो आप यह बात जरूर याद रखे, किसी के बहकावे में आकर अपना गैस टंकी होटल संचालक या किसी अन्य व्यक्ति को न दे चाहे इसके बदले आपको पैसा क्यो ही न दे, अगर आपका गैस होटल में पाया जाता है, तो उसे जप्त किया जाएगा और आपके खिलाफ उचित कारवाही की जा सकती है, जिसमे आपको जुर्माना या जेल भी हो सकता हैं।

## खबर संक्षेप

### बिजली सप्लाई में व्यवधान बन रहें एल्युमिनियम चोर



**बुढार।** चोर अब बिजली वितरण व्यवस्था को चौपट कर बिजली सप्लाई में व्यवधान उत्पन्न कर दिये जिससे कई गांवों की बिजली वितरण में परेशानी का सामना नाहक में उपभोक्ताओं को करना पड़ा, हालांकि विभाग ने दूसरे फिडर से बिजली की व्यवस्था कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार लालपुर उप विधुत केंद्र 11 केब्ही से बीती रात 12 से 2 बजे के बीच अज्ञात चोरों के द्वारा 6 खम्बो को तोड़कर डेढ़ किलोमीटर लगभग लाखों की कीमती तार को काट कर ले गये हैं। छाता फिडर से धनपुरा, पिपरतरा, छाता की सप्लाई प्रभावित कर 6 खम्बों से 70 मीटर बायर की कीमत 1 लाख 24 हजार कीमत की तार चोरी कर भाग गए है जिसकी शिकायत थाने में बिजली विभाग ने दर्ज करा दी है।

### जिलेवासियों के लिये 108 बनी संजीवनी



**शहडोल।** ब्यौहारी जय अंबे इमरजेंसी सर्विस द्वारा एंबुलेंस सेवा हितग्राहियों के बीच पहुंचाई जा रही है। इस बीच जिला प्रबंधक रजनीश तिवारी के कार्य कर लो द्वारा एवं स्टाफ मत एवं पायलट द्वारा समय-समय पर 108 की सुविधा हितग्राहियों के बीच दी जा रही है विगत कुछ दिन पहले ब्यौहारी शहडोल मार्ग बिहार पर जबरदस्त भीषण सड़क हादसा हुआ था जिस मैं एमटी नागेंद्र जायसवाल एवं पायलट मोहम्मद फाखिर मंसूरी द्वारा घायलो को सिविल हॉस्पिटल ब्यौहारी शिफ्ट किया गया इसी प्रकार समस्त जिला भर में 108 की सेवाओं से लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिला भर में 108 गाड़ी के स्टॉप समय मरीज के पास पहुंचकर मरीज को सही समय पर सिविल हॉस्पिटल प्राथमिक अस्पताल एवं जिला अस्पताल तक पहुंचाते हैं यह सेवा ऐसी है की हमारे स्टाफ रातों दिन हितग्राहियों की सेवा में तात्पर उपस्थित रहते हैं 12 महीने रातों दिन हितग्राहियों की सेवा में उपस्थित रहने वाले ऐसे जांबाज स्टेफन के लिए हम लोग आए दिन कुछ ना कुछ कमियां निकालते रहते हैं जिससे हमारे स्टेफन के ऊपर गलत प्रभाव पड़ रहा है जिला प्रबंधक रजनीश तिवारी द्वारा स्टाफ के सरहनी कर की प्रशंसा की गई और उनके द्वारा कहा गया कि आप लोग अपना कार्य करते हम और आप लोगों का काम ही हितग्राहियों का कार्य करना है।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत एक घायल

**मऊगंज।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले करह गांव में गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन घायल हो गए।जिनमें से दो घायलों को मऊगंज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। वही एक घायल महिला का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में चल रहा है जिसकी हालत सामान्य बताई गई है।

### सबके लिये समान न्याय के संबंध में जागरूक करने के निर्देश

**रीवा।** आगामी एक जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 प्रभावशील हो जायेगी। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद व तहसीलदार को निर्देश दिये हैं कि उक्त कानून के संबंध में आमजन को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु तहसील, ब्लाक एवं अनुभाग स्तर के सभी कर्मचारियों की संबंधित थानों में उपस्थित कराकर नये कानून के विषय में जाने तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।

## सभी कार्यों की सिद्धि माता के उपासना से होता हैः जगतगुरु श्रीरामललाचार्य



**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली की है जहाँ आज जगतगुरु श्री रामलला चार्य खजुरी ताल आश्रम से पाली पहुँचकर माता बिराशनी देवी के दर्शन किये जिसके उपरांत पाली नगर के लोगो ने ढोल नगाड़ों के साथ फूल माला पहनाकर जगतगुरु श्री रामलला चार्य का स्वागत किया जगत गुरु ने पाली के समाजसेवी संजय अग्रवाल संदीप अग्रवाल के निज निवास पहुँचे जहाँ उपस्थित लोगों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। बता दे जगतगुरु श्री रामलला चार्य जी का पाली से बहुत ही लगाव रहता है। उल्लेखनीय है कि जगत गुरु खजरी ताल रामलीला मंडली में 1986 से लेकर 1992 तक पाली में श्रीराम लीला समारोह के कार्यक्रम में भगवान श्रीराम का रोल अदा करते थे जिनका आज पाली से गहरा नाता जुड़ा हुआ है। हर वर्ष पाली आकर माता बिराशनी देवी के दर्शन कर ही जाया करते है। बता दे कि इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित प्रकाश पालीवाल,समाजसेवी कालिका बहादुर सिंह,संदीप अग्रवाल,संजय अग्रवाल,राजेन्द्र सिंह,सहित समस्त पुरुषोत्तम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, साधना अग्रवाल, शिम्पी अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, वंश अग्रवाल, स्वनिल अग्रवाल, यश अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, राशि अग्रवाल, कनक अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल सहित समस्त अग्रवाल परिवार मौजूद रहे।

# सरकार ने समय सीमा तय कर रखी है पर महीनों व वर्षों से नहीं हो रहा है सीमांकन



**ब्यौहारी।** जिले से लगा ग्राम पंचायत खुटेहरा में कई किसानो का बटवारा वा सीमांकन अटका है जैसे की काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं जिसे लोगो को कई महीनों चक्कर लगाने पड़ते है/दूसरे विभाग की तरह राजस्व विभाग में सिटीजन चार्ट बना है,लेकिन तय समय पर काम नही हो रहा है, पटवारी , तहसीलदार व समय पर काम नही कर रहे है, जमीन संबंधित कार्य के लिए जिमेदार राजस्व विभाग में कई प्रकरण महीनों से लंबित है। ज्यादातर नामांतरण और सीमांकन के मामले हैं। जबकि किसानों ने पटवारी हल्का खुटेहरा में से जमीन नापने के लिया कई महीनों से घुमाया जा रहा है जबकि आज भी तहसील व्योहारी से लगा खुतेहरा में कई किसान कई सालों से सीमांकन की अर्जी लगा कर रखे हैं जिसे आज तक सीमांकन पटवारी व आर आई के द्वारा नही की जा रही है पर किसानो को दिनांक पर दिनांक देते जा रहे हैं जबकि तहसील में पदस्थ उच्च अधिकारियों के मिली भगत से पटवारी और आर आई क्षेत्रो में कार्य कर रहे हैं, इन कर्मचारियों ने क्षेत्र पर कर रहे कार्य से किसानो को समस्या का सामना करना करना पड़ता है जबकि तहसीलदार रोहित सिंह (परिहार ) को इस समस्या की जानकारी मौखिक दी गई है, लेकिन आज दिनांक तक नाप व सीमांकन नही की गई है, ऐसे में राजस्व विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार से क्षेत्र में नए कर्मचारियों को पदस्थ कराया जाए, और शासन व प्रशासन द्वारा क्षेत्र की सीमांकन व प्रकरणों की जांच कर पदस्थ अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए।

## मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटिटव्स यूनियन ने सौंपा मांगों का ज्ञापन



**रीवा।** मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटिटब्स यूनियन रीवा इकाई द्वारा प्रदेश में कार्यरत दवा व विक्री संवर्धन कर्मचारियों की लंबित मांगे के सम्बन्ध में 4 सूत्रीय मांगों को लेकर सिरमौर चौराहा से एक रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर रीवा को प्रदेश के मुख्यमंत्री, के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा। रैली का नेतृत्व सहायक सचिव गौरव रणदेव, कोषाध्यक्ष संजय तिवारी, सहायक सचिव अशोक मिश्रा, अवनीश शुक्ला, आशीष अग्निहोत्री, हर्ष चौरसिया ने किया। ज्ञापन मे मांग की गई है कि मध्य प्रदेश राज्य में कार्यरत दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों हेतु 8 घंटे की कार्य समयावली घोषित करते हुए उसे लागू किया जाए, श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन सलाहकार परिषद की बैठक बुलाई जाय, बगैर विधानसभा चुनाव के पूर्व न्यूनतम वेतन का पुनर्निर्धारण करते हुए राज्य में कार्यरत दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों को अतिकुशल की श्रेणी में रखते हुए न्यूनतम वेतन 16,144 एवं डीए रु.1700 का निर्धारण किया गया था एवं राज्य सरकार द्वारा 12 मार्च 2023 को इसकी घोषणा भी कर दी गई है। मांग की गई है कि दवा एवं बिक्री संबर्धन कर्मचारियों हेतु न्यूनतम 26000/- का न्यूनतम वेतन का निर्धारण किया जाए। केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा देश की सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया गया था कि वह अपने राज्य में औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2 (एस) में पश्चिम बंगाल पैटर्न में बदउलाव करते हुए सभी दवा बिक्री संवर्धन कर्मचारियों को ''कर्मकार'' की परिभाषा में समायोजित किया जाय। राज्य सरकार से मांग की गई है कि सेल्स प्रमोशन एम्पलाइज कंडीशन ऑफ सर्विसेज एक्ट 1976 तथा दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों पर लागू अन्य सभी श्रम कानूनों का कड़ाई से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाय।

## केन्द्रीय जेल में वृहद पौधरोपण एवं विधिक साक्षरता सम्पन्न




**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 5 जून से 15 अगस्त तक संचालित होने वाले पंच-ज-अभियान अन्तर्गत केन्द्रीय जेल में वृहद वृक्षारोपण किया गया साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन हुआ। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दिलीप सिंह जिला न्यायाधीश, पन्ना नागेश जिला रजिस्ट्रार, अभय कुमार मिश्रा जिला विधिक सहायता अधिकारी, आनंद पाण्डेय डिप्टी चीफ लीगल एड. डिफ्रेस काउसेंल, श्रीमती आरती तिवारी तथा अनीश पाण्डेय, सतीश उपाध्याय, अधीक्षक केन्द्रीय जेल, संजीव गेंदले उप अधीक्षक, योगेन्द्र पवार उप अधीक्षक, भीम सिंह बघेल एवं विधि छात्र-छात्रायें एवं बंदीगण द्वारा बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया।

# शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाली तम्बाकू गुटके की दुकानों को हटाने की कार्यवाही करें

### नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के संबंध में दिये गये निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में गत दिवस नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाली दूकानों, गोमतियों सहित स्थाई व अस्थाई तम्बाकू विक्री केन्द्रों को पुलिस विभाग के समन्वय से नगर निगम के अधिकारी हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने जिले में कोरेक्स के अवैध भण्डारण एवं विक्री को रोकने के लिये दूकानों में दबिश देकर कारगर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिले में अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू किये जाने के संबंध में चर्चा की गई तथा कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्रों की निगरानी कर संबंधित खाताधारकों को नोटिस देकर कार्यवाही करें। नशामुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर सामाजिक संगठनों के समन्वय से नशामुक्ति केन्द्र में 40 वेड तथा संजय गांधी चिकित्सालय में 15 वेड की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश बैठक में दिये गये। जिले की मदिरा दूकानों को समय पर संचालित कराना सुनिश्चित कराने हेतु आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने राजस्व अधिकारियों को संवेदनशील एवं संदेहास्पद स्थानों की सूची तैयार कर नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त जनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान व नशे से लोगों को दूर रखने हेतु जागरूक किये जाने तथा इस कार्य में सामाजिक संगठनों से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई। नशामुक्त के विरूद्व जन आंदोलन तैयार करने हेतु सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा नशा छोड़ चुके व्यक्तियों के वीडियो संदेश सोशल मीडिया में प्रसारित किये जाने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, डीएफओ अनुपम शर्मा, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### म.प्र.की सरकार कर्ज का ब्याज चुकाने ले रही है कर्जः ए.आई.एफ.बी.



**रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि मध्य प्रदेश की मोहन यादव की सरकार को कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है जो म.प्र.सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और अपरिपक्व निर्णयों को देन है। कल्चुरी ने सीएम मोहन यादव से मांग किया है कि म.प्र.सरकार को कर्जमुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में पहल करें। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये 88450 करोड़ रुपये कर्ज लेने जा रही है। इसके पूर्व म.प्र. पर 3.50 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज है। कर्ज में डूबी मध्य प्रदेश सरकार की हालत यह हो चुकी है कि अब इन्हे कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है जो म.प्र.सरकार की आर्थिक गलत नीतियों का परिणाम है।

## जन अभियान परिषद समाज व शासन के मध्य महत्वपूर्ण कड़ीः निदेशक डॉ. पाण्डेय






**रीवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडे की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यपालन निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडे द्वारा संभाग में चल रहे परिषद के सभी योजनाओं की प्रगति के संबंध में प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जिले में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी परिषद से जुड़े स्वयंसेवी कार्यकर्ता भविष्य में भी सभी सामाजिक विषयों से लगातार जुड़कर समाज सेवा के इस प्रकल्प में अपना मूल्यवान योगदान करते रहे जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं सुलभता से पहुंच सके। मूल्यवान सहयोग से गांव में जो खुशहाली निर्मित होती है या किसी के जीवन में थोड़ा भी परिवर्तन आता है वह कहीं ना कहीं हम सभी को आत्मिक सुख की अनुभूति कराता है। डॉक्टर पांडे ने सभी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों से कहा कि हमें कड़ी मेहनत, लगन, निष्ठा, पारदर्शिता और चरित्रवान होकर काम करने की जरूरत है जिससे आने वाले समय में परिषद को उन ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके जिन ऊंचाई पर राज्य शासन हमसे अपेक्षा रखता है। संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक द्वारा समीक्षा बैठक की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। संभागान्तर्गत जिलों से आए जिला समन्वयकों द्वारा अपने जिले का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किए जा रहे सामुदायिक कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के उपरांत सभी विकासखंड के विकासखंड समन्वयकों द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के अनुभव कथन कार्यपालक निदेशक के समक्ष प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक सीधी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तथा बैठक का संचालन जिला समन्वयक सतना डॉ. राजेश तिवारी द्वारा किया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने चार बीएलओ को किया सम्मानित



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने चार बीएलओ को सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाले चार बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने बताया कि त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 16 फुलदेउर में 77.19 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ पंचराज सिंह के मतदान केन्द्र क्रमांक 244 महदेवा में 81.45 प्रतिशत मतदान हुआ। रीवा विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ आयुष कुमार पाण्डेय के मतदान केन्द्र क्रमांक 165 में 75.47 प्रतिशत तथा बीएलओ अमित कुमार गौतम के मतदान केन्द्र क्रमांक 134 में 75 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करके 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने पर बीएलओ को सम्मानित किया गया है।

# मऊगंज पुलिस ने चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** फरियादी रामाश्रय पांडे पिता स्वर्गीय गोविंद प्रसाद पांडे उम्र 77 वर्ष निवासी पन्नी सलैया थाना मऊगंज जिला मऊगंज थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखवाई थी। जिसमें वह अपने लड़के के साथ जो कि इलाहाबाद में रहता है। घर बनाने हेतु मऊगंज के इंडियन बैंक से 50000 रूपये निकाल कर पुराने कच्चे घर में अटैची में रख दिए थे। बाद में नवनिर्मित मकान में सोने चला गया था। दिनांक 15- 6-2024 के सुबह 4:00 बजे देखा तो कच्चे घर का दरवाजा खुला हुआ था एवं अंदर जाकर देखा तो अटैची कटी हुई थी। जिसमें रखे 50000 रुपये नहीं थे। मुझे शक है कि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट करता के रिपोर्ट पर थाना मऊगंज ने अपराध क्रमांक 370 / 24 धारा 457, 380ताहि. के तहत कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने दिनांक 27- 6-2024 को मुखबिर की सूचना पर दो आरोपी सुशील केवट पिता हर विलास केवट निवासी जेल रोड मऊगंज एवं दूसरा धीरज उर्फ धीरू तिवारी निवासी घुरेहटा मऊगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए हुए 4000 रूपये जप्त कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से जमानत न मिलने पर उक्त आरोपियों को जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अनिल काकडे सहायक, उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, आरक्षक रामकुमार,भास्कर प्रसाद, विकास पांडे, राजेंद्र सिंह, अवनीश पांडे, विवेक यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### थाना लौर पुलिस द्वारा 24 घंटे में नाबालिग लड़की को किया दस्तयाब

**मऊगंज।** जिले के थाना लौर क्षेत्र से गुमशुदा किशोरी को 24 घण्टे के भीतर दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। एक नाबालिक 15 वर्षीय लड़की घर से बिना बताए कहीं गुम हो जाने की सूचना दर्ज होने पर, सूचना पर गुम इंसान एवं धारा 363 ता.हि. के तहत अपराध का पँजीयन कर गुमशुदा बालिका की सरगर्मी से पता तलाश करते हुए दिनाँक 26.06.24 को दस्तयाब किया गया, जिससे महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पूँछताँछ कर कथन लेख किए गए एवं माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर धारा 164 जा.फौ. के तहत कथन कराए गए, पूँछताँछ उपरांत किसी प्रकार की आपराधिक घटना घटित नहीं होना पाए जाने पर दस्तयाबशुदा बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया है।

### लोकसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के सभी अभ्यर्थियों की व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक 29 जून को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि बैठक में अपनी उपिस्थिति सुनिश्चित करें तथा 3 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है।

### निःशुल्क महिला कैंसर शिविर आज, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी तथा नेशनल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क महिला कैंसर शिविर आज 29 जून को शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपरान्ह 2 बजे से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, चेयरमैन रेडक्रास तथा अध्यक्ष के तौर पर प्राचार्य जीडीसी डॉ. विभा पटेल उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### चार माह पहले गिरे फोन को तकनीकी मदद से ढूंढ कर पुलिस ने सौंपा वापस



**अनूपपुर।** स्वरित शुक्ला पिता राजेश शुक्ला उम्र 20 साल निवासी चेतना नगर, अनूपपुर का रियलमी कंपनी का स्मार्टफोन कीमती 20 हजार तहसील कार्यालय, अनूपपुर के पास 20 फरवरी को गिरकर गुम गया था। स्वरित शुक्ला द्वारा अपने गुम मोबाइल की समस्त जानकारियां दर्ज कराई गई। जिसके बाद मोबाइल में जैसे ही नई सिम डाली तो साइबर सेल शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर में नए मोबाइल नंबर की अपडेट जानकारियां पहुंची। उक्त जानकारी के आधार पर टी. आई. कोतवाली अरविंद जैन एवं प्रधान आरक्षक महेंद्र राठौर के द्वारा उक्त मोबाइल को चेतन कोरी निवासी शहडोल से प्राप्त किया जाकर स्वरित शुक्ला को सुरक्षित वापस किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा बताया गया कि मोबाइल गुमने अथवा चोरी की जाने की स्थिति में आवेदक खुद घर से ही डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन की उक्त वेबसाइट पर मोबाइल की जानकारियां दर्ज करके मोबाइल खोजे जाने हेतु प्रयास कर सकते हैं।

### जिले में 1.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अमरकंटक में 5.3 तथा बेनीबारी में 6.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर तथा पुष्पराजगढ़ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### प्रधानमंत्री की अपील पर शिवहरे दंपति ने जिला जेल परिसर में रोपा पौधा



**अनूपपुर।** पर्यावरण को बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के नागरिकों से यह अपील, आवाहन किया है एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य लगाएं। उसी से प्रेरित होकर अनूपपुर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजेश शिवहरे ने अपनी धर्मपत्नी सुषमा शिवहरे के साथ जिला जेल परिसर अनूपपुर में जेलर इंद्रदेव तिवारी के साथ उनकी (अभिरक्षा) में एक नीम का पौधा जिसको उनकी स्वर्गीय पूज्य माताजी अपने हाथों से गमले में लगाया (रोपा) था उसी पौधे को ले जाकर जिला जेल परिसर में लगाया गया है। विदित हो श्री शिवहरे की पूज्य माता जी का विगत वर्ष देहांत हो गया था।

# खरीफ फसल के लिए शुरूआती काम की किसानों ने की शुरूआत

## खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान



जून माह में खाली खेतों में खरीफ फसलों की बुआई के लिए तैयारी शुरू हो जाती है। क्षेत्र विशेष के आधार पर उपलब्ध जल व अन्य संसाधनों के आधार पर इस समय खरीफ की फसलों की बुआई के लिए कार्ययोजना शुरू की जाती है। अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों के साथ सिंचाई की समुचित व्यवस्था वाले क्षेत्रों में धान की रोपाई के लिए पौध तैयार की जाती है। किसान अनाज और पशु चारा को सुरक्षित रख लिए हैं। अब उन्हें खरीफ मौसम की फसलों की बुवाई के लिए तैयारी करनी है। कई इलाकों में बारिश होने के बाद से इस दिशा में काम शुरू भी हो गया है। अगर सही समय पर तैयारी हो जाती है तो काम आसान हो जाता है और फसल भी अच्छी होती है।



**अनूपपुर।** जिले में कुछ दिनों से रुक रुककर बारिश हो रही है। खेतों में नमी देखने को मिल रही है। बारिश के बाद किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि 15 जून के बाद मौसम को देख कर धान बुवाई का कार्य भी किया जा रहा है। खेतों में नमी आ जाने से किसान जुताई के कार्य में जुटे हैं। किसान ट्रैक्टर व हल से खेतों की जुताई कर रहे हैं।

### खेती की ओर रूख करने लगे किसान

इन दिनों किसान सोसायटियों से नगद एवं ऋण से खाद बीज ले जा रहे हैं मानसून के आगमन से सभी किसान खेती की ओर रुख करने लगे हैं। खेतों की साफ-सफाई और खाद डालने का कार्य जोरों पर है। मौसम को देखते हुए किसान खेत खलिहान में पड़े पशु चारे को वर्षा पूर्व सुरक्षित करके इन दिनों पैरा रखने का कार्य तेजी से कर रहे हैं। किसान बरसात में जानवरों को सूखा चारा उपलब्ध कराने कोठा में पैरा रखवा रहे है।

### गोबर खाद का कर रहे उपयोग

तरह-तरह की रासायनिक खाद बाजार में होने के बावजूद गांव के किसान आज भी गोबर खाद का महत्व समझ रहे हैं। जिसकी वजह से गोबर कचरे से तैयार खाद खेतों में डाल खेतों को उपजाऊ बनाने का कार्य भी जोर शोर से किया जा रहा है। उन्नत बीज और रासायनिक खाद की किल्लत से वाकिफ किसान अभी से इसका इंतजाम कर रहे है। इसकी वजह से सोसाइटी में किसान की आवाजाही बढ़ गई है। ग्रामीण बारिश से पूर्व अपने कच्चे मकानों के छप्पर की मरम्मत में व्यस्त दिख रहे है। ग्रामीण इलाकों में बंदरों के आतंक से कच्चा मकानों का खपरैल टूट-फूट जाता है। जिसकी मरम्मत बारिश पूर्व करना अनिवार्य हो जाता है वर्तमान में कच्चे मकान का खपरैल एवं टीन लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

## अच्छी पैदावार की जताई आशा

### धान की नर्सरी के लिए तैयार कर लें खेत

धान की नर्सरी बनाने का काम भी अब शुरू हो गया है। ऐसे में उन्नत बीज, खाद, खर-पतवार नाशक और कीटनाशक की खरीद कर लेनी चाहिये। खेत की जुताई कराकर कुछ समय के लिए छोड़ दें तथा बारिश के बाद दोबारा जुताई करा दें ताकि खरपतवार धूप से समाप्त हो जाए। अगर इसके बाद भी नर्सरी के खेत में खरपतवार रह जाता है तो उसकी निराई कर लें।

### कुछ दिनों से रूक रूककर हो रही बारिश

ज्ञात हो कि जिले मे कुछ दिनों से रूक रूककर बारिश हो रही है जो खरीफ की फसल के लिए अच्छा है। इस बीच किसानों ने भी अपनी व्यवस्था के अनुसार फसल उत्पादन के लिए आवश्यक व्यवस्था व संसाधन के लिए प्रयास करना शुरू कर दिया है। जिले भर मे हो रही बारिश से जहां किसान खुश दिखाई दे रहे हैं वही समय पर तथा मार्गदर्शन लेकर अच्छी पैदावार प्राप्त करने भी भरसक प्रयास करते देखे जा सकते हैं।

# वैध दस्तावेज न होने पर 1.25 करोड़ का 3 ट्रक कोयला जप्त, मामला हुआ दर्ज



**कोतमा।** कोयलांचल में कोयला चोरी एवं तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रात कोतमा पुलिस ने तीन ट्रक कोयला चोरी का होने के संदेह में जप्त करते हुए थाने खड़ा कराते हुए धारा 379, 41, 1,4 के तहत मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर खाड़ा खदान से तीन ट्रॅक में कोयला लोड होकर बिजुरी की ओर जा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मनमारी के समीप रोकते हुए वाहन चालक से परिवहन संबंधी दस्तावेजों की मांग की गई। जिसमे टीपी में समय समाप्त एवं अन्य खामियां पाये जाने पर कोयला संदिग्ध व चोरी की कार्यवाही की गई। वाहन ट्रक हाईवा क्रमाक सीजी 12 बीएल 6250 जिसमें 40 टन कोयला भरा था। जिसका चालक 30 वर्षीय दिनेश विश्वकर्मा पुत्र राजकरण निवासी बामनी थाना चुरहट जिला सीधी, वाहन क्रमांक सीजी 12 बिल 6251 चालक 30 वर्षीय उपेंद्र कुमार निवासी मरदा जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश एवं वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएल 6240 में भी 40 टन कोयला पाया जिसके चालक 22 वर्षीय अमन नावेद पुत्र सूर्यनारायण केवट निवासी बहरी थाना चुरहट जिला सीधी के खिलाफ धारा 4,1, 4, एवं 379 आईपीसी में मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की जा रही है। जप्त किए गए ट्रक एवं कोयले की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 25 लाख बताई जा रही है। इसे लेकर दिन भर थाने में सर गर्मी बनी रही। कार्यवाही में उप निरीक्षक डी. एस. बागड़ी, बृजेश पांडेय, विवेक पांडेय सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### इनका कहना है

सूचना पर टीम सहित वाहनों की जांच की गई। सभी वाहनों को संदिग्ध पाए जाने पर कोयला चोरी की कार्यवाही की गई। जांच की जा रही है।

**सुंद्रेश सिंह**
**थाना प्रभारी कोतमा**

### नाले में मिला अज्ञात युवक का सड़ा गला शव, पुलिस जांच में जुटी



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना एवं नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक सात भारत ज्योति स्कूल की आगे नाला में एक अज्ञात युवक का सड़ा हुआ शव पुलिस ने गुरुवार को बरामद किया। इस दौरान एडिशनल एसपी, कोतवाली निरीक्षक के साथ डॉग एस्कॉर्ट ने घटना स्थल का निरीक्षण एवं परीक्षण किया। अज्ञात युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही करते हुए मृतक के शव को जिला चिकित्सालय के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाते हुए कार्यवाही प्रारंभ की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना एवं नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक सात भारत ज्योति स्कूल के आगे एक नाला/गढ़ार कुछ महिलाएं तिपान नदी की ओर गई रही जिन्हें एक अज्ञात व्यक्ति मृत तथा सड़े हुए स्थिति में दूर से दिखने पर आस-पड़ोस के लोगों को सूचना दिए जाने पर हंड्रेड डायल पुलिस एवं कोतवाली थाना पुलिस को दी गई, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन, उपनिरीक्षक संजय खलखो, सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि एक 30 से 35 वर्ष उम्र के अज्ञात युवक मृत स्थिति में पड़ा है, जो लगभग तीन से चार दिन पुराना है। घटना की गंभीरता को देखते हुए डांग स्कार्ट से भी परीक्षण कराते हुए कार्यवाही प्रारंभ की अज्ञात मृतक के शव को जिला अस्पताल अनूपपुर के शव वाहन से शव परीक्षण कक्ष के फ्रीजर में सुरक्षित रखा गया है तथा अज्ञात युवक की पहचान किए जाने का प्रयास पुलिस कर रही है।

# विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों को सर्व सुविधायुक्त बनाएंगे-डॉ. कुंवर विजय शाह

## बोर्ड परीक्षा परिणामों में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की मंत्री ने की सराहना

**अनूपपुर।** जिले के एकलव्य मॉडल तथा कन्या शिक्षा परिसर, क्रीड़ा परिसर जैसे विशिष्ट संस्थाओं सहित अन्य विद्यालयों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। ताकि इन विशिष्ट संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में व्यक्त किए। बैठक में राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की संभागीय उपायुक्त डॉ. ऊषा अजय सिंह, सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक सहित जनजातीय कार्य विभाग की विशिष्ठ शैक्षणिक संस्थाओं व विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान मध्यप्रदेश शासन के





जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कम्पनी सामाजिक उत्तरदायित्व निधि (सीएसआर मद) से जिले के विशिष्ट शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रावासों में सीसीटीव्ही, उपस्थिति के लिए बायोमैट्रिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने संबंधी नवाचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि सीएम राईज भवन का निर्माण समय-सीमा में सुनिश्चित कराया जाए। जिससे भवन की लागत का इस्टीमेट रिवाईज्ड न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सीएम राईज जैसे विशिष्ट संस्थानों की स्वीकृति के पूर्व भूमि का आवंटन की अनिवार्यता की जाएगी। ताकि आवंटन स्वीकृति प्राप्त होते ही त्वरित कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की मॉनीटरिंग तथा संविदाकार व निर्माण एजेंसी से समय-समय पर कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण क्रास चेक के माध्यम से कराने के निर्देश दिए। मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बैठक में कहा कि भविष्य में छात्रावासों के निर्माण की डिजाईन में परिवर्तन किया जाएगा। छात्रावास के छत पर टीन शेड होगा। उस टीन शेड के ऊपर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। टीन और छत के बीच के स्थान का उपयोग छात्रावास के बच्चों के कपड़े सुखाने के उपयोग में लिया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों तथा छात्रावासों की सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि छात्रावासी बच्चों की स्वच्छता का समय-समय पर परीक्षण किया जाए तथा कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को सेनेटरी नैपकीन आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैठक में विद्यालयों की लाईब्रेरी को व्यवस्थित करने तथा ई-लाईब्रेरी के संचालन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के कलेक्टर, एसपी, सीईओ जिला पंचायत जिले की विशिष्ट शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को हाईटेक बनाने के लिए टैब व्यवस्था से विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य करें।

# जिले में कोदो, कुटकी एवं सुगंधित धान की कृषि हेतु किसानों को करें प्रेरित

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि जिले में मानसून का आगमन हो गया है तथा खरीफ की फसल की बुवाई भी शुरू हो गई है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोदो, कुटकी एवं सुगंधित धानों की कृषि हेतु किसानों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को कोदो, कुटकी एवं सुगंधित धान के उत्पादन के संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी जानकारी दें तथा इनके महत्व को भी समझाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि विभाग प्लानिंग के साथ खरीफ फसल हेतु प्रदाय लक्ष्यों की प्रगति सुनिश्चित करें, जिससे किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। उक्ताशय के निर्देश कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में खरीफ सीजन 2024 की तैयारी की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, उपायुक्त सहकारिता, उद्यान विभाग के सहायक संचालक सुभाष श्रीवास्तव, उप संचालक पशुपालन डॉ. ए.पी. पटेल, उप संचालक कृषि एन.डी. गुप्ता, एनआरएलएम के डीपीएम शशांक प्रताप सिंह, सहायक संचालक मत्स्य सहित सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समितिवार अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज एवं उर्वरक उपलब्ध है तथा किसानों को उनके आवश्यकता के अनुसार वितरण किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि प्लानिंग के अनुसार किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक एवं बीज मुहैया कराया जाए। बैठक में कलेक्टर ने मिलेट मिशन अंतर्गत फसल उत्पादन की अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि मिशन अंतर्गत कोदो, कुटकी उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो जिले में ₹एक जिला एक उत्पाद₹ योजना के अंतर्गत शामिल है तथा इसकी खेती हेतु किसानो को प्रेरित भी किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने खरीफ सीजन हेतु प्रदाय लक्ष्य के अनुरूप सुगंधित धान बोनी के संबंध में विकासखंडवार जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि सुगंधित धान की खेती हेतु विकासखंड अनूपपुर में 450 एकड़, कोतमा में 450 एकड़, जैतहरी में 700 एकड़ एवं पुष्पराजगढ़ में 800 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसके अनुरूप सुगंधित धान की खेती की



# जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के स्वीकृत निर्माण कार्यों शीघ्र पूर्ण कराएं-कलेक्टर

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा संतुष्टि के उपरांत सीसी जारी करने के निर्देश

**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समय पर पूर्णता सुनिश्चित कराना विभागीय अधिकारियों का दायित्व है। समय पर कार्यों की पूर्णता से आम लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सकेगा। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित लोक निर्माण, जल संसाधन, पीआईयू, जनजातीय कार्य, सर्व शिक्षा, सामाजिक न्याय, ऊर्जा, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों के लंबित तथा प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नही होगा। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में शासन के निर्धारित



मापदण्डों एवं नियमों के अनुरूप निविदा की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में नियमों की अनदेखी अथवा लापरवाही पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। बैठक में पॉवर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। उन्होंने कार्यवार समय-सीमा निर्धारित करते हुए निर्धारित सीमा में कार्यों की पूर्णता कर मय फोटोग्राफ कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है, उन कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। बैठक में कलेक्टर ने नगर परिषद डोला एवं नगरपालिका अनूपपुर में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत 32 कार्यों में से 27 कार्यों की पूर्णता के पश्चात शेष बचे 5 कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सोलर पैनल एवं चिकित्सा उपकरण सामग्री के सत्यापन के पश्चात कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि डीएमएफ मद से स्वीकृत राशि में से ग्रामों में मीटर, ट्रांसफॉर्म एवं विद्युतीकरण के कार्य किए गए हैं जिसकी सीसी जल्दी जारी कर दी जाएगी।